>

Title: Need to speed up the construction of Railway Over Bridges in Valmiki Nagar Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो (बाल्मीकिनगर): रेलवे ने सड़क उपयोगकर्ताओं की असुविधा को कम करने के लिए समपारों के स्थान पर तीन ऊपरी सड़क पुलों (आर.ओ.बी.) अर्थात बगहा के निकट कि0मी0 288/2-3 पर समपार सं0 50 रामनगर, नरकटियागंज पर समपार सं0 31 और नरकटियागंज पर समापार सं0 22 स्पेशल स्वीकृत किया है। रेलवे समपार सं0 50 के मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय की लागत में भागीदारी संबंधी सहमति अभी प्राप्त नहीं हुई है। जबकि समपार सं0 31 एवं 22 स्पेशल पर निर्माण के मामले में राज्य सरकार ने नवंबर 2010 में उसे अनुमोदित कर दिया है। उपर्युक्त कारणों की वजह से ऊपरी पुलों के निर्माण कार्य में देरी हुई है। फिलहाल यह कार्य भू-तकनीकी जांच योजना और डिजाईन अनुमोदन के स्तर पर है। इस कार्य के मार्च 2013 में पूरा होने की संभावना है।

बिहार के बाल्मीकी नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग एन.एच. 28वीं, रामनगर और नरकटियागंज रेलवे समपार पर बगहा 2 पर रेल ओवरब्रिज बनाने से एक नई क्रांति आयेगी लेकिन इसका कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। जिससे इस प्रोजेक्ट को संभावित मार्च 2013 में पूर्ण नहीं हो जायेगा इसलिए इसके काम में तेजी जाये जाने की जरूरत है।

मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि रेलवे ओवरब्रिज के काम में तेजी लायी जाये। यह एक व्यापक जनहित के मामले हैं। आशा है कि इस पर शीघ्र कार्रवाई की जायेगी।